समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# RCB की जीत का जश्न बना मातम, बेगंलुरु भगदड़ मे 11 की मौत, जाने पूंरी टाइमलाइन और सरकार की प्रतिक्रिया।

Publisher
Published on 05 Jun 2025



## चिन्नास्वामी स्टेडियम मे ट्रॉफी सेलिब्रेशन के दौरान मची भगदड़, भारी भीड़ और पुलिस लाठीचार्ज ने लिया विकराल रूप।

**बेगंलुरुः IPL 2025** की चैंपियन बनी **रॉयल चैलेजंर्स बेगंलुरु (RCB)** की जीत का जश्न एक भयावह हादसे में तब्दील हो गया। बेंगलुरु के **एम चिन्नास्वामी स्टेडियम मे ट्रॉफी सेलिब्रेशन** के दौरान मची भगदड़ में **11 लोगों की दर्दनाक मौत** हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब स्टेडियम में क्षमता से कई गुना अधिक भीड़ उमड़ पड़ी और हालात बेकाबू हो गए।

**हादसे की प्रमुख वजहे**

**१.स्टेडियम की क्षमता सिर्फ 35,000 है, लेकिन 2 से 3 लाख लोग पहुंच गए।**
**२. फैसं की भीड़ अंदर घुसने के लिए गेट पर धक्का-मुक्की करने लगी।**
**३. हालात बेकाबू होने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे भगदड़ मच गई।**
**४. कुछ फैसं पेड़ और दीवारे फंादकर स्टेडियम मे घुंसने की कोशिश करते दिखे।**

**भगदड़ की पूरी टाइमलाइन**

| समय | घटना |
|---|---|
| 4 मई, दोपहर 2:45 | RCB की टीम HAL एयरपोर्ट पर पहुंची |

| | |
|---|---|
| **4 मई, शाम 4:30** | **स्टेडियम के पीछे वाले गेट पर भगदड़ शुरू** |
| **4 मई, शाम 4:30** | **RCB टीम विधानसभा पहुंची, मुख्यमंत्री** और **राज्यपाल से मुलाकात** |
| **4 मई, शाम 6:10** | **टीम चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंची** |
| **4 मई, शाम 6:30** | **कार्यक्रम समाप्त, टीम रवाना** |

**मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया**
**मुख्यमंत्री सिद्धारमैया** ने हादसे की तुलना **प्रयागराज कुंभ** से की और कहा कि "**इस मुद्दे पर सियासत नहीं होनी चाहिए**।"

**उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार** ने कहा, "हमें इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। गेट तोड़े गए और हम इस घटना के लिए माफी मांगते हैं।"

**कैसे बने भगदड़ के हालात**
घटना **कब्बन पार्क मेट्रो स्टेशन** और **स्टेडियम के गेट नंबर 2 AB, 6 AB** और 17 के बीच की है।

भारी भीड़ देखकर गेट बंद कर दिए गए थे।
पुलिस लाठीचार्ज से बचने के लिए लोग भागने लगे और अफरातफरी में कई लोग दब गए।

**नेताओं की संवेदनाएं**
प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने ट्वीट कर कहा:
"बेंगलुरु में हुई दुर्घटना हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।"

कांग्रेस नेता **राहुल गांधी** ने लिखा:
"RCB के जश्न के दौरान हुई भगदड़ दिल दहला देने वाली है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.